POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 22.06.2026

## नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर, 02 खोखा कारतूस .315 बोर व 160 रूपये नकद बरामद

थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0स0सं0 74/26 धारा 65(1)/137(2)/331(4)/118(1)/351(3) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त मुशर्रफ पुत्र लाडे मिंया निवासी अहमदपुर पावन थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.06.2026 को पुलिस मुठभेड़ में फतेहपुर से टिकरी जाने वाले मार्ग ककरहा तिराहे पर थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर, 02 खोखा कारतूस .315 बोर व 160 रूपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 76/2026 धारा 109(1) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

थाना पूरामुफ्ती पर वादी द्वारा तहरीर प्रस्तुत की गई कि उन्हीं के गांव में रहने वाले 01 अभियुक्त मुशर्रफ पुत्र लाडे मियां द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर मु0स0सं0 74/2026 धारा 65(1)/137(2)/331(4)/118(1)/351(3) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

## पुलिस मुठभेड़ का विवरण-

दिनांक 21.06.2026 की रात्रि में पुलिस द्वारा रात्रि चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान फतेहपुर घाट से टिकरी जाने वाले मार्ग के पास वांछित अभियुक्त मुशर्रफ का पुलिस टीम से सामना हुआ। पुलिस द्वारा अभियुक्त को घेरकर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था कि अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त मुशर्रफ के दोनों पैरों में गोलियां लगने से घायल हुआ। अभियुक्त के पास से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर, 02 खोखा कारतूस .315 बोर व 160 रूपये नकद बरामद किया गया। घायल अभियुक्त मुशर्रफ उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मुशर्रफ पुत्र लाडे मिंया निवासी अहमदपुर पावन थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 27 वर्ष।

## बरामदगी का विवरण-

01 अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अवैध जिन्दा कारतूस .315 बोर, 02 खोखा कारतूस .315 बोर व 160 रूपये नकद।

**सम्बन्धित अभियोगों का विवरण-**

01. मु0स0सं0 74/26 धारा 65(1)/137(2)/331(4)/118(1)/351(3) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
02. मु0अ0सं0 76/2026 धारा 109(1) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

01. नि0 अविनाश कुमार, थाना प्रभारी पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
02. व0उ0नि0 अर्जुन, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
03. उ0नि0 हंसराज सिंह, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
04. उ0नि0 वीरेन्द्र अहिरवार, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
05. उ0नि0 विश्वास, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
06. उ0नि0 राहुल चौधरी, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
07. हे0का0 सुनील कुमार यादव, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
08. हे0का0 अमित कुमार-2, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
09. का0 गौरव यादव, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
10. का0 जसवन्त यादव, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
11. का0 गोविन्द यादव, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
12. का0 सत्यवीर सिंह, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
13. रि0का0 सत्येन्द्र विश्वकर्मा, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।
14. रि0का0 मनीष कुमार, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।